हम दीवाने हो गए | By Mangat Gujjar

श्याम तेरा सच्चा दरबार
भक्तों का भरता भण्डार
कर देता तू नैया पार
तुझसे ना कोई दातार
हम दीवाने हो गए
तेरे हम दीवाने हो गए
सांवरे ....सांवरे
हम दीवाने तेरे हो गए

रींगस से पैदल चलता गया
मैं जय श्री श्याम कहता गया
पाँव में छाले पड़ते गए
धीरे धीरे मैं सहता गया
भक्तों पे बरसाता प्यार
महिमा जग में बड़ी अपार
विनती कर लेना स्वीकार
दर्शन देदो बस एक बार
हम दीवाने हो गए
तेरे हम दीवाने हो गए

शीश दान दे श्री कृष्ण को
था वरदान ये पाया
कलयुग में हारे का साथी
खाटू का श्याम कहाया
तेरी महिमा अपरम्पार
छोड़ू ना मैं तेरा द्वार
तेरे हाथ मेरी पतवार
तू ही नैया खेवनहार
हम दीवाने हो गए
तेरे हम दीवाने हो गए

तीन बाण शिवजी ने दीन्हा
अम्बे ने दी शक्ति
कहे मंगत मानो बात मेरी
करो श्याम नाम की भक्ति
सूरज सोनी आया द्वार
विनती करता बारम्बार
तुझ पर भक्तो का अधिकार
नैया पार करो सरकार
हम दीवाने हो गए
तेरे हम दीवाने हो गए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%8f-by-mangat-gujjar/